दिनांकः 29.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के दस साल पूरे होने के उपलक्ष में बीते कार्यक्रमों से जुड़े स्मरणों का जिक्र करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में श्रोता ही असली सूत्रधार हैं और पिछले दस सालों में कार्यक्रम के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गईं उपलब्धियों पर देश को गर्व है। आज 'मन की बात' कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के सफल प्रसारण और इसके व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती का आभार जताया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया के साथ ही यू ट्यूबर्स को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने कहा कि मन की बात ने साबित कर दिया है कि देश के लोग सकारात्माक सूचनाओं के लिए कितने उत्सुक और लालायित हैं।

.......................................................................

प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान और मेक इन इंडिया अभियान के दस साल पूरे होने पर इसे ऐतिहासिक बताया। श्री मोदी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में स्वच्छता अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अपनी हाल की अमेरिका यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें भारत से अमेरिका ले जाई गई तीन सौ प्राचीन कलाकृतियां वापस लाने का अवसर मिला है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सफलता को अभूतपूर्व बताते हुए इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की।

श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान सहित कई राज्यों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधे लगाकर कीर्तिमान बनाया है।

.......................................................................

प्रधानमंत्री ने आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए आमजन से दीयों से आगे बढ़कर सभी उत्पादों की खरीद में मेक इन इंडिया उत्पादों को अपनाने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से गरीब और मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बहुत फायदा हुआ है। इस अभियान ने प्रत्येक वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा हाल ही शुरू की गई क्रिएट इन इंडिया प्रतियोगिता से जुड़ने के लिए युवाओं का आह्वान किया।

मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा गया। कई स्थानों पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई। प्रदेश भाजपा की ओर से कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनने के लिए राजधानी जयपुर सहित जिला स्तर पर खास इंतजाम किये गये।

.......................................................................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में आज भी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज अवकाश के दिन भी जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। जैसलमेर में बस स्टेण्ड पर नगर पालिका की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह पाली में भी बांगड़ अस्पताल में लोगों ने साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

.......................................................................